**एक्स-रे विभागों में रिक्त पद**

5380. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में अस्पतालों में एक्स-रे विभागों में कुछ पद खाली पड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो अब तक यह कार्य किस वर्ग के लोगों द्वारा किया जा रहा था; और

(ग) ये पद कब तक भरे जायेंगे ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री रवि राय)** : (क) जी हां ।

(ख) एक्स-रे विभागों में मौजूदा स्टाफ को लगा कर काम चलाया जा रहा है ।

(ग) रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने के लिये हर कोशिश की जा रही है ।

**भारतीय दूतावासों में वाणिज्यिक इंजीनियरों की नियुक्ति**

5381. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंजीनियरी उत्पादों का विपणन करने के लिये भारत सरकार द्वारा विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में वाणिज्यिक इंजीनियरों की नियुक्ति की गई है; ।

(ख) यदि हां, तो उन की संख्या कितनी है और वे किन स्थानों पर तैनात हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इस कार्य को देखने के लिये क्या प्रबन्ध किये गये हैं और उसका आधार क्या है ?

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेन्द्र कुण्डू)**: (क) से (ग). अपने उत्पादनों के निर्यात को संवर्द्धित करने के लिये सरकार ने विदेश स्थित अपने मिशनों में वाणिज्यिक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है । इस में इंजीनियरी उत्पादों के निर्यात को संवर्द्धित करना भी शामिल है और यह काम वाणिज्य मंत्रालय, इंजीनियरी निर्यात संवर्द्धन परिषद् तथा इस क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य संगठनों के निकट सहयोग से किया जाता है ।

इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं व्यापार विकास निगम ने मास्को स्थित हमारे राजदूतावास में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है जिसे तकनीकी और इंजीनियरी के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त है । वारसा में हमारे राजदूतावास में इसी प्रकार उक्त निगम ने तथा खनिज एवं धातु व्यापार निगम ने अपने प्रतिनिधि तैनात किए हैं ।

इंजीनियरी निर्यात संवर्द्धन परिषद् ने अपने शिकागो (संयुक्त राज्य अमरीका) डसलडार्फ (जर्मन संघीय गणराज्य), लंदन (यूनाइटेड किंगडम) मनीला (फिलीपीन्स), नैरोबी (कीनिया), और सिंगापुर स्थित अपने कार्यालयों में तकनीकी प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं ।

**Floating Plateform**

5382. SHRI ANANT DAVE: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Kandla Port Trust authority have placed an order for building a floating plateform with some Calcutta firm; and

(b) if so, what are its details?

THE MINISTER OF STATE INCHARGE OF THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI CHAND RAM): (a) and (b). Yes, Sir, In February, 1979, Kandla Port Trust placed an order on M/s. Hooghly Docking and Engineering Company Limited, Howrah for the construction and delivery of a steel floating dry dock of 2,700 tonnes lifting capacity at an estimated cost of Rs. 496.00 lakhs.

**92 अप-बीना कोटा का समय**

5383. **श्री चतुर्भुज** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बीना और कोटा के बीच चलने वाली 92 अप सामान्यतः लगभग 7.30 बजे सायं कोटा आउटर सिगनल पर रोकी जाती है और यदि हां, तो 1 जनवरी से 28 फरवरी, 1979 तक की अवधि में ऐसे कितने अवसर आये ;

(ख) क्या इस गाड़ी के यात्रियों को, जो कोटा से बम्बई देहरादून एक्सप्रेस को पकड़ना चाहते हैं जो कि दिल्ली के लिये कोटा से सायं 7.45 बजे रवाना होती है, 92 अप के विलम्ब से आने के कारण काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है; और

(ग) क्या वे कोटा के डिवीजनल सुपरिन्टेंडेंट रेलवे को अनुदेश देंगे कि वे 92 अप बीना कोटा गाड़ी और देहरादून एक्सप्रेस के समय का समायोजन करें ताकि लोगों को असुविधा न हो और अनावश्यक विलम्ब के कारणों का पता लगायें ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) जी नहीं। 1-1-79 से 28-2-79 तक की अवधि में 92 अप को केवल एक ही अवसर पर कोटा स्टेशन के आउटर सिगनल पर रोका गया था।

(ख) और (ग). 1-4-79 से 92 अप और 19 डाउन देहरादून एक्सप्रेस के बीच मेल लेने की अवधि को वर्तमान 36 मिनट से बढ़ाकर 40 मिनट किया जा रहा है। कोटा में 92 अप से मेल लेने के लिए 19 डाउन के प्राधिकृत रूप से 10 मिनट के ठहराव की व्यवस्था भी कर दी गयी है।

### 92-अप बीना-कोटा गाड़ी का देरी से चलना

5384. श्री चतुर्भुज : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1978 से 1 जनवरी, 1979 के दौरान बीना और कोटा के बीच चलने वाली 92 अप गाड़ी कोटा में कितनी बार देरी से पहुंची :

(ख) उस के मुख्य कारण क्या थे; और

(ग) क्या इस गाड़ी को समय पर चलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) 92 अप बीना-कोटा सवारी गाड़ी 131 अवसरों पर कोटा में देर से पहुंची।

(ख) इस के मुख्य कारण खतरे की जंजीर खींचना, इंजनों की खराबी, विस्थापित पारकों, दुर्घटनाओं और अनधिकृत रूप से गुजरने वाले व्यक्तियों के गाड़ी के नीचे आ जाने जैसे विविध कारण हैं।

(ग) 92 अप गाड़ी का समय-पाबन्दी चालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्राधिकारियों को सभी व्यावहारिक उपाय करने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### Railway Wireless Monitoring Organisation

5385. SHRI M. KALYANASUNDARAM: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Indian Railways are maintaining their own wireless monitoring organisation in accordance with the rules and regulation of the Indian Wireless Act; and

(b) if so, why the South Central Railway which has 15 wireless stations have closed down its monitoring station and rendered the four wireless operators surplus and transferred two wireless operators to Southern Railway?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) The Indian Railways are maintaining their own wireless monitoring organisations in accordance with the rules and regulation of the Indian Wireless Act for monitoring the wireless linked to check up for frequency deviations.

(b) The workload of monitoring on the South Central Railway has reduced as microwave links have replaced the H.F. wireles links. The Wireless Operators have been absorbed in alternative jobs. Two Wireless Operators have gone from the South Central Railway to Southern Railway on their own option with the approval of the Ministry of Railways.

### Wireless Operators of Secunderabad Division

5386. SHRI M. KALYANASUNDARAM: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Wireless Operators of Secunderabad Division (B.G.) are denied regular weekly rest and leave due because of shortage of Wireless operators, since many Wireless Operators were reverted and sent as ticket collectors due to the withdrawal of Wireless Operators from Secunderabad - Purna - Bhadrachalam wireless link;

(b) whether it is permitted to operate wireless sets with men other than certified wireless operators; and

(c) if so, how the Secunderabad-Purna-Bhadrachalam wireless link is being operated?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) Some Wireless